प्रदेश के पहले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का शिलान्यास एवं भूमिपूजन

चर्चा में क्यों?

12 जून, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजसमंद ज़िले की खमनोर तहसील के बिल्ली की भागल गाँव में प्रदेश के पहले आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने इस सेंटर के लिये पहले चरण में 30 करोड़ रुपए देने की तथा नाथद्वारा में राज्य सरकार की ओर से गायत्री परिवार को 5 हेक्टेयर ज़मीन निःशुल्क देने की घोषणा की।
- समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मेडिटूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिये राजस्थान का पहला योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति पर आधारित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाया जा रहा है।
- इस वेलनेस सेंटर में आयुर्वेदिक औषधियों, योग, प्राकृतिक चिकित्सा आदि से लाभ मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा इस प्रकार के और भी सेंटर अन्य स्थानों पर खोले जाएंगे।
- इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा कि इस वेलनेस सेंटर में आने वाले हर व्यक्ति को स्वच्छ वातावरण मिलने के साथ ही यहाँ मेडिकल टूरिज़्म को भी बढ़ावा मिल सकेगा। साथ ही ऐसी आधारभूत संरचनाओं से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-first-health-and-wellness-centre